डूसू अध्यक्ष की डिग्री का मुद्दा पुलिस तक पहुंचा पेज 05
बैंकों का विलय निवेशकों के लिए बेहतर पेज 13

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया



आतंक का धर्म नहीं

उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का कहना है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं है, आतंक किसी खास जाति से संबंध नहीं रखता, यह मानवता का दुश्मन है। पेज 17

गुरुवार, 20 सितंबर 2018, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com
वर्ष 83, अंक 225, 20 पेज+4 पेज, मूल्य ₹ 3.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 7.50

जेवर एयरपोर्ट का रास्ता साफ, किसानों ने सहमति पत्र सौंपे

तरक्की की उड़ान

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा | हिटी

जेवर में बनने वाले अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे से संबंधित किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को लखनऊ में शास्त्री भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। किसानों ने मुख्यमंत्री को हवाई अड्डे के निर्माण के लिए अपनी जमीन देने के संबंध में सहमति पत्र सौंपे।

किसानों ने कहा कि उन लोगों ने अपने क्षेत्र के विकास और जनहित में सामूहिक रूप से यह फैसला किया है। किसानों ने भरोसा जताया कि राज्य सरकार भविष्य में उनके जीवन यापन और उचित विस्थापन के लिए समुचित कदम उठाएगी।

मुख्यमंत्री ने किसानों के इस फैसले की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास में सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। देश, प्रदेश और समाज की तरक्की व खुशहाली के लिए किसानों द्वारा हमेशा आगे बढ़कर योगदान किया गया है। जेवर में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण में किसानों के सहयोग और योगदान को हमेशा सराहा जाएगा।

किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ से भेंट की। • हिन्दुस्तान

मुख्यमंत्री ने 40 मिनट तक की बात

जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के निर्माण से प्रभावित होने वाले 75 प्रतिशत परिवारों की सहमति आने के बाद इसके निर्माण का रास्ता लगभग साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर प्रदेश व क्षेत्र के विकास की खातिर किसानों को तैयार किया। बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री ने लगभग 40 मिनट तक किसानों से बातचीत की।

प्रतिनिधिमंडल में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, रोही के प्रधान भगवान सिंह व बनवारीवास के प्रधान त्रिलोकचन्द शर्मा के अलावा हंसराज सिंह, पुष्प कुमार शर्मा, योगेन्द्र सिंह छौंकर, संजय कुमार, हरविन्द्र सिंह, विनोद चैहान, सुशील शर्मा, यशपाल सिंह, दरियाब सिंह, जफर खान, योगजीत सिंह, मौज्जम खान, तारा सिंह प्रधान, योगेन्द्र अत्री, चन्द्रभान सिंह मलिक व कुलदीप सिंह भी शामिल रहे। इसके अलावा इस मौके पर यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के चेयरमैन डॉ. प्रभात कुमार तथा प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल भी मौजूद थे।